कार्यालय
अधिशासी अभियन्ता, एकादश खण्ड, उत्तर प्रदेश जल निगम,
आशियाना फेस –1, निकट पानी की टंकी, मुरादाबाद–244001

पत्रांक 1017A / इ–9 / 29 दिनांक 9.11.2021

सेवा में,

ग्राम विकास अधिकारी / ग्राम प्रधान
ग्राम सभा – गुरैर
विकास खण्ड – डींगरपुर
जिला मुरादाबाद।

विषय :– ग्राम पंचायत गुरैर की गुरैर (रेट्रोफिटिंग) ग्राम पेयजल योजना के अन्तर्गत निर्मित सिविल कार्यो के हस्तांतरण प्रतिवेदन के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके ग्राम गुरैर, विकास खण्ड डींगरपुर, जनपद मुरादाबाद मे रेट्रोफिटिंग पेयजल योजना के अन्तर्गत अवर जलाशय, पम्प हाउस, स्टाफ क्वार्टर, बाउन्ड्रीवॉल की मरम्मत एवं रंगाई पुताई कार्य, नई वितरण प्रणाली का कार्य, गृह जल संयोजन (FHTC) एवं तत्सम्बन्धित पूर्ण कर दिये गये हैं। पूर्ण किये गये सिविल कार्यों के हस्तान्तरण प्रतिवेदन दो प्रतियों में संलग्न कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित किया जा रहा है कि कृपया कार्यों को हस्तगत करते हुये हस्तांतरण प्रतिवेदन की एक प्रति अपने हस्ताक्षर उपरान्त इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।

संलग्नक
1. हस्तांतरण प्रपत्र – 2 नग।
2. जल मूल्य वसूली एवं अनुरक्षण का शासनादेश
3. पेयजल गृह संयोजन की सूची
4. पूर्व में हस्तान्तरित योजना के हस्तान्तरण प्रपत्र

भवदीय

(फराहीम अहमद)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार
प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1. खण्ड विकास अधिकारी विकास खण्ड डींगरपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
2. श्री रोहित यादव, जूनियर इंजीनियर को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

अधिशासी अभियन्ता